** एक पद शारीरिक अक्षमता (ओएल,ओए,ओएएल,बीएल,एलवी,एचएच) वाले व्यक्तियों द्वारा भरा जाएगा।
\# एक पद शारीरिक अक्षमता (ओएल,ओए,बीएल,ओएएल, बी,एलवी) वाले व्यक्तियों द्वारा भरा जाएगा।

ओएल (दायां एवं/या बायां एक पैर प्रभावित), बीएल (दोनों पैर), ओए (एक बाजू), ओएएल (एक बाजू और एक पैर की गति अक्षमता), एलवी (दृष्टि बाधित), एचएच (श्रवण दोष)

<u>08 क्षेत्रीय कार्यालयों के अधीन जवाहर नवोदय विद्यालयों हेतु:</u>

क्षेत्रीय कार्यालय	क्र. सं.	पद	रिक्तियों की संख्या				**कुल**	शारीरिक रूप से अक्षम	भूतपूर्व सैनिक
			अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति			
भोपाल	1	महिला स्टाफ नर्स	12	07	04	00	**23**	00	00
	2	कैटरिंग सहायक	00	02	00	01	**03**	01	00
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	22	02	10	24	**58**	02	05
	4	प्रयोगशाला सहायक	14	02	02	06	**24**	00	03
चंडीगढ़	1	महिला स्टाफ नर्स	05	03	01	03	**12**	01	01
	2	कैटरिंग सहायक	08	05	03	01	**17**	03	01
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	28	18	08	02	**56**	02	05
	4	प्रयोगशाला सहायक	01	07	02	00	**10**	03	02
हैदराबाद	1	महिला स्टाफ नर्स	01	00	00	02	**03**	02	00
	2	कैटरिंग सहायक	10	00	03	02	**15**	01	00
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	37	02	02	00	**41**	00	03
	4	प्रयोगशाला सहायक	05	03	00	00	**08**	00	00
जयपुर	1	महिला स्टाफ नर्स	06	02	00	01	**09**	00	00
	2	कैटरिंग सहायक	02	02	00	00	**04**	00	00
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	09	07	00	04	**20**	00	00
	4	प्रयोगशाला सहायक	06	02	01	00	**09**	00	00
लखनऊ	1	महिला स्टाफ नर्स	06	06	03	00	**15**	01	00
	2	कैटरिंग सहायक	00	00	00	00	**00**	00	00
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	45	04	05	14	**68**	04	00
	4	प्रयोगशाला सहायक	05	00	00	05	**10**	03	00
पटना	1	महिला स्टाफ नर्स	00	00	03	00	**03**	00	00
	2	कैटरिंग सहायक	00	00	00	00	**00**	00	00
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	43	18	11	15	**87**	02	08
	4	प्रयोगशाला सहायक	01	00	03	01	**05**	00	00
पुणे	1	महिला स्टाफ नर्स	03	05	00	02	**10**	01	00
	2	कैटरिंग सहायक	03	03	00	00	**06**	00	00
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	29	09	03	04	**45**	00	00
	4	प्रयोगशाला सहायक	04	00	00	00	**04**	00	00
शिलांग	1	महिला स्टाफ नर्स	04	01	01	00	**06**	01	01
	2	कैटरिंग सहायक	03	06	06	01	**16**	01	01
	3	अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	28	10	22	05	**65**	02	06
	4	प्रयोगशाला सहायक	03	04	00	00	**07**	01	01
रिक्तियों की कुल संख्या	**1**	**महिला स्टाफ नर्स**	**37**	**24**	**12**	**08**	**81**	**06**	**02**
	2	**कैटरिंग सहायक**	**26**	**18**	**12**	**05**	**61**	**06**	**02**
	3	**अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल**	**241**	**70**	**61**	**68**	**440**	**12**	**27**
	4	**प्रयोगशाला सहायक**	**39**	**18**	**08**	**12**	**77**	**07**	**06**

3. क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, हैदराबाद और शिलांग ने उनके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन जवाहर नवोदय विद्यालयों में गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए अलग से विज्ञापन जारी किए गए थे और पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए थे। क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़, पटना और पुणे ने भी उनके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन जवाहर नवोदय विद्यालयों में इन पदों पर भर्ती हेतु अलग से विज्ञापन जारी किए गए थे और पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए थे। क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़, पटना और पुणे द्वारा लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा भी आयोजित की गई थी। हालांकि, प्रशासनिक कारणों से अंतिम परिणाम घोषित नहीं किया गया था। न.वि.स. के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उल्लिखित सभी पदों के लिए जारी किए गए सभी विज्ञापनों और साथ ही लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा को रद्द करने के लिए एक सचेतन निर्णय लिया गया है और एक केंद्रीकृत भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही उन सभी पात्र अभ्यर्थियों को भी केंद्रीकृत भर्ती अभियान में भाग लेने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है, जिन्होंने संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शाई गई पात्रता शर्तों/मापदंडों के अनुसार आवेदन किया था तथा जो लिखित परीक्षा या कौशल परीक्षा में, जो भी लागू हो में भाग लिया था। ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन, जो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं, को निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल पर केन्दएकीकृत किया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों को न तो नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता है और न ही उन्हें फिर से शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता है। हालांकि, उन्हें पैरा 3 (क) के अनुसार निर्दिष्ट पोर्टल पर अपने विवरण अद्यतन करने होंगे। दिनांक 12-18 मार्च, 2016 के रोजगार समाचार में प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से, न.वि.स. द्वारा अंकेक्षण सहायक, हिंदी अनुवादक, आशुलिपिक और अवर श्रेणी लिपिक के पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए थे, उन्हें भी निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल पर एकीकृत किया गया है। इस विज्ञापन के समक्ष इन पदों पर पहले से ही आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को भी न तो नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता है और न ही फिर से शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता है।

(क) पुराने अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश:

इन अभ्यर्थियों को ***www.nvshq.org*** / ***www.nvsnt2017.org*** *लिंक पर पर निम्न विवरणों को अद्यतन* करना होगा:

*1. **संचार के पते में परिवर्तन** - यदि अभ्यर्थी का संचार पता बदल गया है, तो उस अभ्यर्थी को संचार के नए पते को अद्यतन करना होगा;*

*2. **ईमेल-आईडी और मोबाइल नंबर:** अभ्यर्थी को अपनी क्रियाशील ई-मेल आईडी और अपने मोबाइल नंबर अद्यतन को करना होगा। ये अनिवार्य हैं।*

3. उन्हें वरीयता के क्रमानुसार उन क्षेत्रीय कार्यालयों/मुख्यालय की प्राथमिकता का चुनाव दर्ज करना होगा, जहां उनके चयन की स्थिति में उन्हें पदस्थ करने पर विचार किया जा सके। हालांकि, संभाग का आबंटन तैयार की गई अंतिम वरियता सूची में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के अनुसार किया जाएगा।

(ख) संबंधित न.वि.स. क्षेत्रीय कार्यालयों/मुख्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापनों के विवरण :

क्र.सं.	संभाग का नाम	विज्ञापन संख्या और तिथि	विज्ञापित पद और रिक्तियों का विवरण	कट-ऑफ तिथियां
1.	भोपाल	6-12 जुलाई, 2013	**कैटरिंग सहायक** (अनारक्षित - 02, अनुसूचित जाति - 01) **प्रयोगशाला सहायक** (अनारक्षित - 07, अन्य पिछड़ा वर्ग - 02, अनुसूचित जाति - 02, अनुसूचित जनजाति - 05)	30.06.2013

2.	चंडीगढ़	21-27 जुलाई, 2012	**अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल** (अनारक्षित-17, अन्य पिछड़ा वर्ग - 13, अनुसूचित जाति-04, अनुसूचित जनजाति - 01)	30.06.2012
3.	हैदराबाद	29 अगस्त - 04 सितंबर, 2015	**अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल** (अनारक्षित - 26, अनुसूचित जाति - 01, अनुसूचित जनजाति - 02)	30.06.2015
4.	पटना	23-29 मार्च, 2013	**अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल** (अनारक्षित -36, अन्य पिछड़ा वर्ग -14, अनुसूचित जाति - 16, अनुसूचित जनजाति - 07)	21.04.2013
		18-24 जनवरी, 2014	**स्टाफ नर्स** (अनारक्षित-05, शारीरिक रूप से अक्षम-ओएच - 02) **कैटरिंग सहायक** (अनारक्षित - 05, शारीरिक रूप से अक्षम-ओएच- 01) **प्रयोगशाला सहायक** (अनारक्षित 09, अन्य पिछड़ा वर्ग 08, अनुसूचित जाति 03, अनुसूचित जनजाति 02, शारीरिक रूप से अक्षम-ओएच 03)	01.01.2014
5.	पुणे	20-26 दिसंबर, 2014	**अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल** (अनारक्षित - 19, अन्य पिछड़ा वर्ग - 06, अनुसूचित जाति - 02, अनुसूचित जनजाति - 02)	01.01.2015
6.	शिलांग	2-89/2012- न.वि.स. (एसएचआर)/कार्मिक दिनांक अगस्त 2012	**स्टाफ नर्स** (अनारक्षित 01, अनुसूचित जाति 01)	30.07.2012
		22-28 अगस्त, 2015	**अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल** (अनारक्षित 23, अन्य पिछड़ा वर्ग 06, अनुसूचित जाति 21)	30.06.2015
7.	न.वि.स. मुख्यालय	12-18 मार्च, 2016	**अंकेक्षण सहायक** (अनारक्षित 01, अन्य पिछड़ा वर्ग - 02) **हिंदी अनुवादक** (अनारक्षित 04, अन्य पिछड़ा वर्ग 01) **आशुलिपिक** (अनारक्षित 01, अन्य पिछड़ा वर्ग 04) **अवर श्रेणी लिपिक** (अनारक्षित 07, अन्य पिछड़ा वर्ग 01, अनुसूचित जाति 01, अनुसूचित जनजाति 01)	आवेदन करने की अंतिम तिथि

(ग) **पुराने अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण तिथियां:**

(i)	पोर्टल पर सूचना अद्यतन करने की प्रारंभिक तिथि	12.11.2017
(ii)	पोर्टल पर सूचना अद्यतन करने की अंतिम तिथि	13.12.2017

टिप्पणी *(क) पुराने अभ्यर्थियों के लिए किसी भी शुल्क का भुगतान किया जाना आवश्यक नहीं है।*
(ख) विवरण को अद्यतन करने के संबंध में पहले से ही पूर्व विज्ञापन के समक्ष पंजीकृत संचार पते पर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से पत्र भेजा गया है।
(ग) पुराने अभ्यर्थियों को उनकी आयु, योग्यता, अनुभव आदि से संबंधित उनकी पात्रता मानदंडों को अद्यतन करने की अनुमति नहीं है। उनकी पात्रता मानदंडों का निर्णय उपरोक्त तालिका में उल्लिखित संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जारी विज्ञापन के समक्ष उनके द्वारा प्रस्तुत पूर्व आवेदनों के आधार पर लिया जाएगा।

4. इस विज्ञापन के संबंध में आवेदन करने वाले नए अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश।

अभ्यर्थियों को न.वि.स. की वेबसाइट **www.nvshq.org / www.nvsnt2017.org** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता है। आवेदन करने का कोई अन्य साधन/विधा स्वीकार्य नहीं है। ऑनलाइन आवेदनों का अनुसूची निम्नानुसार है:

महत्वपूर्ण तिथियां:-

पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि	12.11.2017
शुल्क के साथ आवेदन करने की अंतिम तिथि	13.12.2017

टिप्पणी : *(i) विस्तृत निर्देशों का संदर्भ ऑन-लाइन आवेदन करते समय लिया जा सकता है।*
(ii) अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि और समय तक इंतजार न करें। आवेदन करने की अंतिम तारीख उचित समय पूर्व ही उन्हें पंजीकरण कर लेना चाहिए। यदि अंतिम समय हड़बड़ी के कारण कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन करने में सक्षम नहीं हो पाता तो न.वि.स. की जिम्मेदारी नहीं होगी।

5. **परीक्षा की तिथि:**

कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) की अंतरिम तिथि	**12, 13, और 14 जनवरी, 2018**

6. अंकेक्षण सहायक, हिंदी अनुवादक, महिला स्टाफ नर्स, आशुलिपिक, केटरिंग सहायक, अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल और प्रयोगशाला सहायक के पदों हेतु योग्यता/वेतनमान तथा आयु सीमा का संक्षिप्त विवरण

पद कोड	पदनाम	वेतनमान	आयु सीमा (न्यूनतम एवं अधिकतम)	अनिवार्य योग्यता
01	अंकेक्षण सहायक	9,300-34,800 (ग्रेड वेतन 4200) लेवल-6	18 से 30 वर्ष	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त

				विश्वविद्यालय से बी कॉम **वांछनीय:** किसी सरकारी/अर्ध सरकारी/ स्वायत्त संगठन में लेखा कार्य संबंधी 03 वर्ष का कार्यानुभव। **ध्यान दें:** सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों को कंप्यूटर संचालन में प्रवीणता प्राप्त करनी होगी और इस संबंध में समिति द्वारा तय आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
02	हिंदी अनुवादक	9300-34800 (ग्रेड़ वेतन 4200) लेवल-6	18 से 30 वर्ष	**अनिवार्य:** 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा स्नातक स्तर पर स्नातकोत्तर उपाधि स्तर के विपरीत अन्य भाषा (हिंदी/अंग्रेजी)। **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी भाषा के साथ स्नातक उपाधि तथा हिन्दी से अंग्रेजी एवं इसके विपरीत अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा। 2. भारत सरकार के उपक्रम सहित केंद्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय में हिंदी से अंग्रेजी एवं इसके विपरीत अनुवाद एवं अशुद्धि जाँच करने का दो वर्ष का कार्यानुभव।
03	महिला स्टाफ नर्स	9,300-34,800 (ग्रेड़ वेतन 4600) लेवल-7	35 वर्ष तक	**अनिवार्य:** 1. (क) वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा (बारहवीं कक्षा) या समकक्ष उत्तीर्ण और (ख) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से नर्सिंग में ग्रेड 'ए' (तीन वर्षीय) डिप्लोमा/

				सर्टिफिकेट। **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.एससी (नर्सिंग)। 2. भारतीय/राज्य नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण। 3. किसी अस्पताल/क्लिनिक में दो वर्ष का व्यावहारिक अनुभव। **वांछनीय:** हिंदी/क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी का कार्य साधक ज्ञान
04	आशुलिपिक	5200-20200 (ग्रेड़ वेतन 2400) लेवल-4	18 से 27 वर्ष	**अनिवार्य:** 1. वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा परीक्षा (बारहवीं कक्षा) उत्तीर्ण। 2. आशुलिपि गति 80 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण की गति 40 शब्द प्रति मिनट। **अथवा** आशुलिपि गति 60 शब्द प्रति मिनट और हिंदी टंकण की गति 30 शब्द प्रति मिनट।। **ध्यान दें:** सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों को कंप्यूटर संचालन में प्रवीणता प्राप्त करनी होगी और इस संबंध में समिति द्वारा तय आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
05	कैटरिंग सहायक	5200-20200 (ग्रेड़ वेतन 2400) लेवल-4	35 वर्ष तक	1. माध्यमिक परीक्षा (दसवीं कक्षा) उत्तीर्ण और 2. पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से खानपान (कैटरिंग) में तीन वर्ष का डिप्लोमा या समकक्ष। **अथवा**

				होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग के एक व्यवसायिक विषय के साथ सीबीएसई से वरिष्ठ माध्यमिक (बारहवीं कक्षा) उत्तीर्ण और कैटरिंग में कम से कम एक वर्ष का अनुभव। **अथवा** वरिष्ठ माध्यमिक (बारहवीं कक्षा) उत्तीर्ण या समकक्ष और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कैटरिंग या समकक्ष में एक वर्ष का डिप्लोमा सहित किसी प्रतिष्ठित संस्थान/होटल में कैटरिंग में तीन वर्ष का कार्यानुभव। **अथवा** रक्षा सेवाओं में कम से कम 10 वर्ष की नियमित सेवा के साथ कैटरिंग में ट्रेड़ प्रवीणता प्रमाणपत्र (केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए)।
06 07	अवर श्रेणी लिपिक (मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय संर्वग) अवर श्रेणी लिपिक/ भंडारपाल (जवाहर नवोदय विद्यालय संवर्ग)	5200-20200 (ग्रेड़ वेतन 1900)	18-27 वर्ष	**अनिवार्य:** 1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50% अंकों के साथ वरिष्ठ माध्यमिक (बारहवीं कक्षा) उत्तीर्ण और अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति हासिल हो जो कि प्रत्येक शब्द के लिए 5 स्ट्रोक की औसत पर 10500 केडीपीएच के अनुरूप हैं। **अथवा** सचिवीय आचरण और कार्यालय प्रबंधन के व्यावसायिक विषय के साथ सीबीएसई/राज्य सरकार बोर्ड से +2 स्तर या वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

				वांछनीय: 1. कंप्यूटर ऑपरेशन और डेटा एंट्री का ज्ञान जो एक विषय के रूप में +2 स्तर पर या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर में 6 महीने के डिप्लोमा या स्कूल स्तर पर कंप्यूटर साक्षरता के माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया हो। 2. सरकारी/अर्ध सरकारी/ स्वायत्त शासी संगठन में लेखा/प्रशासनिक मामलों का कार्यानुभव। **ध्यान दें:** 1. उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने सीबीएसई की +2 स्तर की परीक्षा सचिवीय आचरण और कार्यालय प्रबंधन के व्यावसायिक विषय के साथ उत्तीर्ण की है। 2. हर बार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि टंकण की गति जांच अंग्रेजी या हिन्दी में की जाएगी। 3. सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों को कंप्यूटर संचालन में प्रवीणता प्राप्त करनी होगी और इस संबंध में समिति द्वारा तय आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
08	प्रयोगशाला सहायक	5200-20200 (ग्रेड़ वेतन 1800) लेवल-1	18 और 30 वर्ष के बीच	सामान्य विज्ञान के साथ मिडिल कक्षा उत्तीर्ण।

7. <u>आयु छूट</u>

ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम छूट निम्नानुसार होगी:

क्र.स.	व्यक्तियों की श्रेणी	आयु में छूट/ रियायत की सीमा
(क)	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति	5 वर्ष
(ख)	अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)	3 वर्ष
(ग)	न.वि.स. कर्मचारी/केंद्र सरकार में 3 वर्ष निरंतर सेवा के साथ, बशर्ते कि पद समान या अनुषंगी संवर्ग से संबद्ध हो।	5 वर्ष
(घ)	दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि में जम्मू और कश्मीर में अधिवासित व्यक्ति	5 वर्ष
(ड.)	विकलांग व्यक्ति (i) अ.जा./अ.ज.जा. (ii) अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) (iii) सामान्य	 15 वर्ष 13 वर्ष 10 वर्ष
(च)	समूह 'ग' और 'घ' के पदों हेतु, भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने सशस्त्र बलों (सेना, नौसेना और वायुसेना) में कम से कम छह माह की निरंतर सेवा की है, उनकी वास्तविक आयु से ऐसी सेवा की अवधि घटाने की अनुमति होगी और अगर परिणामी आयु संबंधित पद के लिए निर्धारित आयु की अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं हो तो वह आयु सीमा के संबंध में शर्त को पूरा करने के लिए माना जाएगा। समूह 'ख' पदों के लिए, पूर्व सैनिकों और कमीशंड अधिकारियों, जिनमें ईसीओ/एसएसओ शामिल हैं, जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की सैन्य सेवा की है।	

टिप्पणी: ऊपर दर्शाई गई सभी छूटें समवर्ती होंगी अर्थात् यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक छूट के लिए पात्र होगा तो उसे केवल एक उच्चतम स्वीकार्य आयु सीमा की छूट प्रदान की जाएगी और अधिकतम आयु सीमा में छूट सरकारी सेवा में प्रवेश पाने की अधिकम सीमा अर्थात् 55 वर्ष के अधीन होगी।

7 (1): अन्य पिछड़ा वर्ग के जो अभ्यर्थी 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आते हैं, वे अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी रियायत और इस तरह के अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य रियायतों के हकदार नहीं होंगे, ऐसे अभ्यर्थियों को उनकी श्रेणी सामान्य श्रेणी के रूप में इंगित करनी होगी। केवल उन्हीं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों पर ही विचार किया जाएगा, जो कि केंद्र सरकार के अंतर्गत नियुक्ति के लिए लागू होती हैं।

7 (2): नए अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न पात्रता मानदंडों (शैक्षिक योग्यता, आयु सीमा, अनुभव आदि) को निर्धारित करने के लिए कट ऑफ तिथि **31.10.2017** होगी**।** अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पूर्व उनकी पात्रता के बारे में **कट ऑफ तिथि** के अनुसार अपनी पात्रता के बारे में पूर्ण रूप से आश्वस्त होना चाहिए। कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) पास करने के पश्चात न.वि.स. द्वारा मूल दस्तावेजों के अनुसार ही संदर्भित योग्यताओं का सत्यापन किया जाएगा।

8. <u>चयन प्रणाली</u>

(क) चयन प्रक्रिया : ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) में अभ्यर्थियों का चयन उनके निष्पादन के आधार पर किया जाएगा। न.वि.स. को ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) के कट ऑफ अंक तय करने का अधिकार है। उपरोक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया संबंधी न.वि.स. के निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होंगें। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्रव्यवहार नहीं किया जाएगा। आशुलिपिक एवं अ.श्रे.लि./भंडारपाल पद हेतु सी.बी.टी. द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा, जिसकी प्रकृति केवल अर्हकारी है एवं अंतिम निर्णय लेने से पूर्व इसमें प्राप्त अंकों का लाभ नहीं दिया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी कौशल परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है, तब उसकी पात्रता खारिज कर दी जाएगी।

हालांकि, उपरोक्त सभी पदों हेतु चयन प्रक्रिया की विधि का निर्णय केवल न.वि.स. का होगा, जोकि परिवर्तित भी हो सकता है।

(ख) **परीक्षा शहर** : उपरोक्त पदों पर भर्ती हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) सूची में उल्लिखित, चयनित शहरों में किए जाएंगें, जिसकी सूची कि निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध है। उपलब्ध सूची के आधार पर अभ्यर्थी अपनी पसंद के अनुसार केन्द्र का चयन करेंगें। तथापि, न.वि.स. को यह अधिकार है कि सभी शहरों में अथवा इनमें से किसी एक शहर में लिखित परीक्षा आयोजित करवाए, जो कि अभ्यर्थियों की संख्या अथवा अन्य आवश्यकताओं पर निर्भर होगा। प्रत्येक शहर में परीक्षा केन्द्रों की संख्या, उस शहर को प्राथमिकता के आधार पर चुने गए अभ्यर्थियों की संख्या पर एवं वहॉ उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं पर निर्भर करेगी। अभ्यर्थी, उपलब्ध सूची में से तीन परीक्षा केन्द्रों को चुन सकता है। तथापि, न.वि.स. को कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आयोजन हेतु उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के आधार पर चुने हुए परीक्षा शहर में बदलाव करने का अधिकार होगा। चयनित तीन परीक्षा शहरों में से अभ्यर्थी को केवल एक शहर में ही परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी। किसी एक को ही चुनना होगा। विकल्प का एक बार चयन करने के पश्चात इसमें कोई परिवर्तन नहीं हो सकता है।

(ग) **शारीरिक विकलांग अभ्यर्थियों को आरक्षण एवं छूट** – ऐसा व्यक्ति, जो 40 प्रतिशत या उससे भी अधिक विकलांग है, अपनी सहायता के लिए परीक्षा में अपना स्क्राइबर ला सकते हैं। स्क्राइबर हेतु उम्र या शैक्षणिक योग्यता संबंधी कोई प्रतिबंध नहीं है। ऐसे मामलों में प्रति घंटे की परीक्षा अवधि की दर से 20 मिनट का पूरक समय दिया जाएगा। सभी विकलांग अभ्यर्थी, जो स्क्राइबर की सुविधा नहीं ले रहे हैं, उन्हें दो घंटे की परीक्षा की अवधि के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। वर्तमान वर्ष की रिक्तियों के संबंध में विकलांग व्यक्तियों को आरक्षण, सरकारी नियमों के अनुसार ही दिया जाएगा। तथापि, पदों हेतु उपयुक्त विकलांग लोगों की पहचान, विकलांग व्यक्तियों हेतु मुख्य आयुक्त का कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय के का.ज्ञा. संख्या 16-15/2010-डी डी-।।। दिनांक 29.07.2013 के अनुसार ही होगी।

(घ) ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) में किसी भी अभ्यर्थी को सटीक प्रवेश पत्र के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

(ङ) **परीक्षा पद्धति**

पद	**परीक्षा**	**परीक्षा के घटक/ तत्व**	**कुल अंक**	**परीक्षा की अवधि**
अंकेक्षण सहायक	कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा	समान अंकों वाले 100 वस्तुनिष्ठ बहु-वैकल्पिक प्रश्न i) हिंदी एवं अंग्रेजी – प्रत्येक 15 अंकों का- 30 अंक ; ii) मानसिक क्षमता/तर्क शक्ति/ अंक गणित -30 अंक iii) सामान्य ज्ञान व सामयिकी – 20 अंक iv) विषय ज्ञान- 20 अंक	100	150 मिनट (ढाई घंटा)
हिंदी अनुवादक	कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा	समान अंकों वाले 100 वस्तुनिष्ठ बहु-वैकल्पिक प्रश्न i) अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद – 30 अंक ; ii) मानसिक क्षमता/तर्क शक्ति/ अंक गणित -30 अंक iii) सामान्य ज्ञान व सामयिकी – 20 अंक iv) विषय ज्ञान- 20 अंक	100	150 मिनट (ढाई घंटा)
आशुलिपिक	कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा	समान अंकों वाले 100 वस्तुनिष्ठ बहु-वैकल्पिक प्रश्न i) हिंदी एवं अंग्रेजी – प्रत्येक 15 अंकों का- 30 अंक ; ii) मानसिक क्षमता/तर्क शक्ति/ अंक गणित -30 अंक iii) सामान्य ज्ञान व सामयिकी – 20 अंक	100	150 मिनट (ढाई घंटा)

		iv) कंप्यूटर का ज्ञान- 20 अंक		
स्टाफ नर्स	कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा	समान अंकों वाले 100 वस्तुनिष्ठ बहु-वैकल्पिक प्रश्न i) हिंदी एवं अंग्रेजी – प्रत्येक 10 अंकों का- 20 अंक ; ii) सामान्य ज्ञान व सामयिकी – 20 अंक iii) मानसिक क्षमता/तर्क शक्ति -20 अंक iv) विषय ज्ञान- 40 अंक	100	150 मिनट (ढाई घंटा)
कैटरिंग सहायक	कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा	समान अंकों वाले 100 वस्तुनिष्ठ बहु-वैकल्पिक प्रश्न i) हिंदी एवं अंग्रेजी – प्रत्येक 10 अंकों का- 20 अंक ; ii) सामान्य ज्ञान व सामयिकी – 20 अंक iii) मानसिक क्षमता/तर्क शक्ति -20 अंक iv) विषय ज्ञान- 40 अंक	100	150 मिनट (ढाई घंटा)
अ.श्रे.लि./ भंडारपाल	कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा	समान अंकों वाले 100 वस्तुनिष्ठ बहु-वैकल्पिक प्रश्न i) हिंदी एवं अंग्रेजी – प्रत्येक 10 अंकों का- 20 अंक ; ii) मानसिक क्षमता/तर्क शक्ति -20 अंक iii) सामान्य ज्ञान व सामयिकी – 20 अंक iv) अंक गणित क्षमता – 20 अंक v) कंप्यूटर का ज्ञान– 20 अंक	100	150 मिनट (ढाई घंटा)
प्रयोगशाला सहायक	कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा	समान अंकों वाले 100 वस्तुनिष्ठ बहु-वैकल्पिक प्रश्न i) हिंदी एवं अंग्रेजी – प्रत्येक 10 अंकों का- 20 अंक ; ii) मानसिक क्षमता/तर्क शक्ति/अंक गणित क्षमता – 30 अंक iii) सामान्य ज्ञान व सामयिकी – 20 अंक iv) सामान्य विज्ञान– 30 अंक	100	150 मिनट (ढाई घंटा)

(च) परीक्षा सूची की सूचना प्रवेश पत्र के साथ ही दी जाएगी। विस्तृत परीक्षा सूची न.वि.स. वेबसाइट www.nvshq.org / www.nvsnt2017.org पर भी यथासमय पर घोषित की जाएगी।

(छ) अन्य विवरण :

(i) इसमें कोई नकारात्मक अंक नहीं दिए जाएंगें।

(ii) परीक्षा पत्र द्विभाषी होगा : हिन्दी तथा अग्रेजी

(iii) ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर होगा। यह अभ्यर्थी की पूर्णत: स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि वह न.वि.स. द्वारा दिए गए विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता मानदंड के आधार पर अपनी योग्यता का प्रमाण देगा/देगी।

(iv) पद कोड संख्या 01, 02, 03, 05 एवं 08 हेतु अंतिम चयन ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी) द्वारा किया जाएगा एवं पद कोड 04, 06 एवं 07 हेतु ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा एवं तत्पश्चात् कौशल परीक्षा (जो केवल उत्तीर्ण करनी होगी) द्वारा किया जाएगा।

(v) एक से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंक समान होने पर निम्न प्रकार से समाधान किया जाएगा :

क) पूर्व/पुरानी जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को ऊपर रखा जायेगा अर्थात् उम्र में वरिष्ठ अभ्यर्थी को ऊँचे स्थान पर रखा जाएगा।

ख) यदि उपरोक्त (क) के अनुसार समान अंक आ जाते हैं तो योग्यता मापदण्ड के अनुसार कौशल परीक्षा में अधिक प्रतिशत पाने वाले अभ्यर्थियों को ऊपर रखा जाएगा।

9. आवेदन कैसे करें :

i) अभ्यर्थियों को न.वि.स. वेबसाइट www.nvshq.org / www.nvsnt2017.org के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा, अन्य किसी माध्यम/पद्धति द्वारा आवेदन पत्र भेजने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदनपत्र से संबंधित आवेदन पत्र की कोई हार्ड कॉपी या दस्तावेज न.वि.स. भेजने की आवश्यकता नहीं है।

ii) अभ्यर्थी उपर्युक्त वर्णित/उल्लिखित पात्रता मापदंड एवं योग्यता के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करेंगें।

iii) अभ्यर्थी का व्यक्तिगत मान्य ई-मेल आई.डी. होना आवश्यक है जो आवेदन की तिथि से लेकर एक साल तक मान्य होना चाहिए। न.वि.स. अपनी परीक्षा आयोजन संस्था के माध्यम से पंजीकृत ई-मेल आई.डी. पर प्रवेश पत्र भेज सकता है अथवा उसे निर्दिष्ट पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी द्वारा उसकी ई-मेल आई.डी. किसी अन्य व्यक्ति को सांझा या प्रकट नहीं करनी चाहिए।

iv) यदि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले किसी अभ्यर्थी की अपनी ई-मेल आई.डी. नहीं है, वह अपनी नई ई-मेल आई.डी. बना लें।

v) ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को निम्नलिखित स्कैन दस्तावेजों को अपलोड करने की आवश्यकता होगी :-

   क) हाल ही में लिए गए (जो 3 सप्ताह से अधिक पुराना न हो) पासपोर्ट साइज कलर फोटो की प्रति
   ख) अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
   ग) जन्मतिथि संबंधी दस्तावेजी प्रमाण (दसवीं पास प्रमाणपत्र)
   घ) फाइनल/प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट (यदि लागू हो तो) एवं मार्कशीट
   ङ) आरक्षित श्रेणी से संबंधित जाति प्रमाणपत्र (गैर क्रीमी लेयर अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति)
   च) विकलांग अभ्यर्थी के मामले में विकलांग प्रमाणपत्र
   छ) भूतपूर्व सैनिकों के लिए सेवा प्रमाणपत्र।

vi) आवेदन पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने के पश्चात लॉगिन आई.डी. और पासवर्ड जनरेट होगी और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित (डिस्पले) भी होगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भविष्य में व्यवहार हेतु अपना लॉगिन आई.डी. और पासवर्ड लिख लें।

vii) नया आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र पर परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन निर्धारित लिंक के माध्यम से करना होगा। पदवार परीक्षा शुल्क का भुगतान निम्नानुसार होगा :

स्टाफ नर्स, अंकेक्षण सहायक, हिन्दी अनुवादक	– रु. 1000/-
कैटरिंग सहायक, आशुलिपिक	- रु. 750/-
अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल	- रु. 750/-
प्रयोगशाला सहायक	- रु. 750/-

Viii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ शारीरिक रूप से विकलांग/भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क का भुगतान आवश्यक नहीं है। यदि किसी कारणवश शुल्क का भुगतान हो जाता है तो वह किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

ix) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र की एक प्रिंटआउट कॉपी पर अपना एक पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर अपने रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें और उसे न.वि.स. या किसी अन्य पते पर न भेजें। फोटो

सहित आवेदन पत्र का प्रिंटआउट दस्तावेज सत्यापन के दौरान आयु, योग्यता, अनुभव, जातिगत वैधता, गैर क्रीमी लेयर, विकलांगता, वैध पहचान प्रमाण के समर्थन में प्रमाणपत्र अभ्यर्थी की स्वयं द्वारा अनुप्रमाणित प्रतियों के साथ जमा करना होगा।

x) ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी तथा उसके पिता/पति का नाम सही ढंग से लिखा जाना चाहिए जैसा कि प्रमाणपत्र/अंक पत्र में है। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर में किसी प्रकार का बदलाव/परिवर्तन करने पर अभ्यर्थी की पात्रता अयोग्य घोषित की जा सकती है।

xi) अभ्यर्थियों को न.वि.स. वेबसाइट अर्थात् www.nvshq.org / www.nvsnt2017.org से कॉल लेटर को डाउनलोड करने होंगे। अभ्यर्थियों को न.वि.स. की परीक्षा आयोजन एजेंसी द्वारा भी इसके बारे में ई-मेल/एस.एम.एस. के माध्यम से जानकारी दी जा सकती है। तथापि, अभ्यर्थियों को यही सलाह दी जाती है कि अपने हित के लिए भर्ती से संबंधित कॉल लेटर एवं अन्य अद्यतन जानकारी हेतु न.वि.स. वेबसाइट अर्थात् www.nvshq.org / www.nvsnt2017.org समय-समय पर देखते रहें क्योंकि तकनीकी गड़बड़ी के कारण ई-मेल/एस.एम.एस. के जरिए उन्हें सही समय पर सूचना नहीं भी मिल सकती है। इस कार्य हेतु न.वि.स. द्वारा न कोई पत्राचार किया जायेगा, न ही पृथक रूप से कोई सूचना भेजी जाएगी।

xii) यदि कोई अभ्यर्थी योग्य एवं इच्छुक हो तो एक से अधिक पद के लिए आवेदन कर सकता है। ऐसे मामलों में अभ्यर्थी को प्रत्येक पद हेतु पृथक रूप से शुल्क का भुगतान करना होगा।

10. सामान्य निर्देश एवं सूचनाएं :

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. अंकेक्षण सहायक, हिन्दी अनुवादक, आशुलिपिक, कैटरिंग सहायक, स्टाफ नर्स, अवर श्रेणी लिपिक/भंडारपाल, प्रयोगशाला सहायक के रिक्त पद अस्थायी हैं एवं संभवत कम या बढ़ सकते हैं। नवोदय विद्यालय समिति को यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण दर्शाए उक्त पदों को भरे, न भरे या आंशिक रूप से भरे। न.वि.स. को यह अधिकार है कि अगला कोई भी नोटिस जारी किए बिना ही अथवा बिना कारण दर्शाए भर्ती की प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/संशोधित अथवा परिवर्तित करे।
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र अपूर्ण रहने पर अस्वीकार कर दिए जाएंगें और इस संबंध में किसी भी पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही, किसी भी परिस्थिति में अन्य विधि/तरीके के माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत (सबमिट) करने के पश्चात अभ्यर्थी को किसी भी तरह के संशोधन की अनुमति नहीं होगी। अगर ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी/सूचना, मूल जानकारी/सूचना से भिन्न पाई गई तो उसकी पात्रता रद्द कर दी जाएगी।
5. विज्ञापन से संबंधित किसी भी तरह के परिवर्तन/संशोधन/निर्देश केवल न.वि.स. वेबसाइट/निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल पर दिए जाएंगें।
6. अभ्यर्थी के टिप्पणी/प्रतिक्रिया/आपत्ति आदि से संबंधित ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी बी टी) की समाप्ति के पश्चात ही निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल पर प्रतिक्रिया जिज्ञासा प्रबंधन का परिचालन शुरू किया जाएगा। अभ्यर्थी को प्रत्येक चुनौती हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके पश्चात परिणाम की प्रस्तुति हेतु, परीक्षा से संबंधित आपत्तियों को विशेषज्ञों के पास भेजा जाएगा एवं परीक्षा प्रबंधन संस्था द्वारा तैयार किए गए उत्तर कुंजी को अंतिम रूप दिया जाएगा। सफल चुनौति के मामले में, संबंधित अभ्यर्थी द्वारा दी गई फीस वापस कर दी जाएगी।
7. कंप्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम न.वि.स. वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगें। न.वि.स. द्वारा इस संबंध में किसी भी तरह की पूछताछ को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अंकेक्षण सहायक, हिन्दी अनुवादक, आशुलिपिक, कैटरिंग सहायक, स्टाफ नर्स, अवर श्रेणी लिपिक/ भंडारपाल, लैब सहायक के

पद हेतु चुने गए अभ्यर्थियों की सूची न.वि.स. वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की जाएगी। इस संबंध में किसी तरह का अलग पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

8. किसी भी तरह का प्रचार पाये जाने पर अभ्यर्थी की पात्रता रद्द समझी जाएगी।

10. चयन प्रक्रिया के पूर्व या पश्चात यदि न.वि.स. चाहे तो किसी भी समय अभ्यर्थी की योग्यता के सत्यापन की जाँच कर सकती है और अगर किसी भी अवस्था में यह पाया गया कि अभ्यर्थी योग्य नहीं है, तो उसका/उसकी पात्रता वहीं खारिज कर दी जाएगी।

11. इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी पत्राचार/घोषणाएं ई-मेल/एस एम एस/नोटिस द्वारा न.वि.स. वेबसाइट पर की जाएंगीं। भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं न.वि.स. वेबसाइट पर उपलब्ध होंगीं और अभ्यर्थियों को यही सलाह दी जाती है कि वे बार-बार वेबसाइट देखते रहें। यह अभ्यर्थी की जिम्मेदारी होगी कि यदि भर्ती से संबंधित कोई भी जानकारी हो, चाहे प्रवेश पत्र/ साक्षात्कार पत्र/ अन्य जानकारी हो, जो न.वि.स. वेबसाइट, www.nvshq.org अथवा निर्दिष्ट पोर्टल पर प्रदर्शित है, को डाउनलोड/प्रिंट कर लें। न.वि.स., अभ्यर्थी द्वारा दिए गए गलत/अवैध ई-मेल आई डी के कारण अथवा ई-मेल की अप्राप्ति अथवा अन्य किसी भी कारण के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के पूर्ण होने तक अभ्यर्थी को अपना मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई डी क्रियाशील रखना होगा।

12. जरूरत पड़ने पर न.वि.स. चाहे तो अपने विवेक से इसे स्थगित/रद्द/पुन: परीक्षा करवा सकता है। ऐसे मामलों में, अभ्यर्थी को पुन: परीक्षा में बैठने के लिए अपने खर्चे पर आना होगा।

13. अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा अथवा पुन: परीक्षा में बैठने के लिए किसी भी तरह का टी.ए./डी.ए नहीं दिया जाएगा।

14. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति भारत में किसी भी स्थान पर हो सकती है। हालांकि अंकेक्षण सहायक, हिन्दी अनुवादक, आशुलिपिक, अ.श्रे.लि./भंडारपाल के पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र में मुख्यालय/संबंधित संभागीय कार्यालयों में तैनाती के 09 विकल्प दिए गए हैं। अभ्यर्थी को अपनी वरीयता के आधार पर सभी 09 विकल्पों को प्राथमिकता के आधार पर अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। इसी तरह से स्टाफ नर्स, कैटरिंग सहायक एवं प्रयोगशाला सहायक के लिए संभागीय कार्यालय के 08 विकल्प दिए गए हैं। परन्तु, यह अभ्यर्थी को उनके द्वारा वरीयता के आधार पर अपनाये गए विकल्प के अनुसार पर उन्हें तैनात करने का अधिकार प्रदान नहीं करता। तथापि, अंतिम योग्यता सूची में अभ्यर्थी द्वारा किए गए निष्पादन एवं उनके द्वारा दी गई प्राथमिकता के आधार पर कार्यालयों की वरीयता पर विचार करते हुए, संभाग के आबंटन पर विचार किया जाएगा। एक बार संभागीय कार्यालय आबंटित होने के पश्चात उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा एवं अभ्यर्थी को उसी संभाग में सेवा करने के लिए शपथ पत्र देना होगा।

15. अ.श्रे.लि. एवं अ.श्रे.लि./भंडारपाल दो अलग कैडर हैं। अ.श्रे.लि. के पद केवल मुख्यालय/संभागीय कार्यालय के लिए ही हैं तथा अ.श्रे.लि./भंडारपाल के पद संभागीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले ज.न.वि. के लिए हैं। अ.श्रे.लि. एवं अ.श्रे.लि./भंडारपाल के पद के लिए रिक्तियॉ, वर्तमान विज्ञापन में पृथक रूप से अधिसूचित किए गए हैं। अभ्यर्थी केवल अ.श्रे.लि. के पद के लिए, अ.श्रे.लि./भंडारपाल पद के लिए अथवा दोनों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

16. चयनित अभ्यर्थीगण दो साल के लिए परिवीक्षाधीन रहेंगें, जिसे सक्षम अधिकारी के विवेकानुसार बढ़ाया भी जा सकता है। परिवीक्षा काल के दौरान परिवीक्षार्थी की सेवाएं बिना कोई कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं।

17. अभ्यर्थी द्वारा हासिल की गई योग्यताएं, संबंधित पद हेतु निर्धारित की गई योग्यताओं के अनुरूप होनी चाहिए। अगर कोई अभ्यर्थी अधिसूचित अर्हता के समकक्ष किसी अन्य अर्हता का दावा करता है, तो उसे प्रमाणपत्रों के सत्यापन के समय पर अपने दावे के समर्थन में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा ऐसे मामलों को खारिज कर दिया जाएगा। इसी तरह से, जहॉ ग्रेड दिए गए हैं, अंकित अंकों के समकक्ष प्रतिशत दिखाने के संबंध में साक्ष्य भी प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

18. विज्ञापन के अनुवादित संस्करण हिन्दी या किसी अन्य भाषा में अगर किसी भी प्रकार की कोई विसंगति या भिन्नता पाई गई तो अंग्रेजी में उपलब्ध कराए गए पाठ को ही अंतिम माना जाएगा।

19. अभ्यर्थी द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिका एवं अन्य संबंधी कागजात/प्रमाणपत्रों को परीक्षा की तिथि से लेकर छः माह तक रिकॉर्ड में रखा जाएगा।

20. इस भर्ती से संबंधित कोई भी विवाद केवल दिल्ली न्यायालय के अंतर्गत ही विचाराधीन होगा।

21. न.वि.स. में भर्ती के दौरान/परीक्षा के किसी भी स्तर में अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने से अयोग्य घोषित किया जा सकता है अथवा उसे स्थायी रूप से या किसी विशेष अवधि के लिए परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है जिसके कारण निम्न होंगें :-

    क) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का उपयोग करना अथवा

    ख) किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूप या छदम प्रतिरूप धारण करना अथवा

    ग) परीक्षा हॉल में किसी के साथ दुर्व्यवहार करना अथवा

    घ) चयन प्रक्रिया के दौरान उसका/उसके द्वारा पात्रता से संबंधित जानकारी देने में अनियमित उपायों का सहारा लेना अथवा

    ङ) अनुचित उपायों से अपने पात्रता हेतु समर्थन हासिल करना, ऐसे अभ्यर्थी पर अपराधिक मुकदमा चलाये जाने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगें।

    च) ऑनलाइन परीक्षा देते समय किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रानिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, माइक्रो फोन अथवा इसी से संबंधित अन्य उपकरण जैसे कैलकुलेटर, लॉग टेबिल, पेजर, डिजीटल डायरी, किताबें/ नोट्स इत्यादि का मौजूद होना।

    छ) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर के दौरान अथवा आवेदन पत्र जमा करते समय असत्य/छेड़छाड़/मनगढ़ंत विवरण प्रस्तुत करना अथवा किसी विशेष जानकारी को छिपाना।